सार-समाचार

हैंडबॉल में महावीर जी, हॉकी में सूरौठ विजेता

सूरौठ। कस्बे के इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 69 वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग माध्यमिक,उच्च माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता के शनिवार को आयोजित हुए मुकाबले । इंदिरा गांधी संस्थान के निदेशक हृदेश मोहन शर्मा व प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी दी कि । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित हो रही प्रतियोगिता में शनिवार को 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र हैंडबॉल फुटबॉल हॉकी के मैच खेले गए । प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले से पूर्व प्रधानाचार्य बाई जट्ट रहीमुद्दीन खान, समाजसेवी रजनीश मीणा ,जिला शूटिंग बॉल संघ के सचिव विश्राम मीणा , भूपेंद्र धुरसी,व्याख्याता शारीरिक शिक्षा वीरेंद्र सिंह राजावत राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष,लोकेश मीणा, पूर्व अध्यक्ष राजेश सहारिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । 17 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर जी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गजराज बड़ौदा सपोटरा को 16 - 2 से रौंद कर विजेता बना

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरोठ ने विवेकानंद मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरोठ को 2 - 1 से हराकर विजेता बना ।

केला देवी ट्रस्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय केला देवी ने विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरोठ को हराया। 19 वर्ष आयु वर्ग महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर ने विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरोठ को

5 - 1 से हराकर विजेता बना

हिण्डौन सिटी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जीत की पुर ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जॉल को हराकर विजेता बना ।निर्णायक की भूमिका प्रदीप जांगिड़ ,युधिष्ठिर भाकर , महेश तिवारी , राजेश सहारिया गब्बर सिंह, महेश तिवारी ,सुनील यादव, प्रदीप भादू , रोहित गुप्ता, सुभाष मीणा, देवेंद्र शर्मा, विनोद मीणा, नीरज मीना, बलराम, ओम प्रकाश जाट, वीर बहादुर, नेमी लाल जाटव, खेम करण सुधीर इंदौलिया ने निर्णायक , टाइम कीपर स्कोरर की भूमिका निभाई । ।प्रधानाचार्य उत्तम चौधरी, योगेंद्र मिश्रा ने खेल मैदान व्यवस्था देखी । प्रतियोगिता का समापन समारोह प्रातः 8:00 बजे इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में मनाया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी संस्थान के निदेशक हृदेश मोहन शर्मा होंगे ।

मनीष गर्ग बने पुनः जिलाध्यक्ष

भरतपुर (निस)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा संगठनात्मक कार्यों एवं सामाजिक सक्रियता को देखते हुए मनीष गर्ग को पुनः युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही, संगठन ने एडवोकेट अभिषेक जैन को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि इन दोनों नियुक्तियों से युवा इकाई को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। इस अवसर पर मनीष गर्ग ने कहा यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि संगठन ने पुनः मुझ पर विश्वास जताया है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाजहित एवं राष्ट्रहित में युवाओं को जोड़ने का कार्य करता रहूँगा। वहीं, नवनियुक्त महामंत्री एडवोकेट अभिषेक जैन ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाऊँगा और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास करूंगा। इन नियुक्तियों पर संगठन के पदाधिकारियों प्रसन्नता व्यक्त की और दोनों को बधाई दी।

शिक्षक सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया

भरतपुर (निस)। श्री मथुरा प्रसाद पोद्दार माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर कौड़ियां मोहल्ला में शिक्षक सम्मान समारोह बडड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी भरतपुर रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन में गुरु शिष्य के संबंधों पर प्रकाश डाला तथा भैया बहनों को अपने जीवन का उद्देश्य निश्चित करने का आग्रह किया संतोष कटरा जिला सचिव ने अपने आशीर्वचन द्वारा भैया बहनों को अपने जीवन में कुछ बनने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा गुरुओं पर अपने विचार प्रकट किया कार्यक्रम के अंत में स्थानीय समिति के सभी शिक्षकों सेवक सेविका का सम्मान किया इस मौके पर स्थानीय समिति के संरक्षक प्रताप भारद्वाज अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल व्यवस्थापक होती लाल जी जेमन डॉक्टर सुशील गोस्वामी प्रदीप ममता प्रजापतसदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार व्यवस्थापक होती लाल ने किया कार्यक्रम का संचालन मंजू शर्मा द्वारा किया गया

तेजस्व गिरी का चयन

सूरौठ । राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड जिला करौली के दो रोवर का चयन हुआ जो कि नेशनल लेवल इन्ट्रीगेशन शिविर त्रिपुरा में आयोजित हो रहा है, सी ओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि यह दोनों 9 सितम्बर से 13 सितंबर तक आयोजित हो रहे नेशनल लेवल इन्ट्रीगेशन शिविर त्रिपुरा में रहेंगे, राज्य पुरस्कार रोवर केशव शर्मा एवं तेजस्व गिरी हिंडौन कों मिठाई खिलाकर किया रवाना इस मौके पर कई लोग उपस्थित रहें ।

दर्शन समय में परिवर्तन

करौली । कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के मुख्यकार्यकारी अधिकारी किषनपाल सिंह ने बताया कि आज रविवार भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 7 सितम्बर को समस्त भारत में खठ्ठास चन्द्रठाहण के कारण श्री कैला माताजी के दर्शन दोपहर 12:57 पर बन्द होकर 8 सितम्बर सोमवार को प्रातः 4:00 बजे मंगला दर्शन खुल जावेगें। उन्होंने बताया कि ठाहण का सूतक 7 सितम्बर को दोपहर 12:57 बजे से प्रारम्भ होगा। सूतक प्रारम्भ होने के पश्चात् बच्चों,वृद्धों एवं रोगियों को छोडकर धार्मिकजनों को भोजन आदि नही करना चाहिए।

योग्यजन की प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ

करौली, (निसं.) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विशेष योग्यजन के लिए पूर्ण रूप से समर्पित विधिक जागृति की निरन्तरता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जिला,संभाग एवं राज्य स्तर पर सामुहिक प्रतियोगिताओं में कबड्डी व बोसी बॉल एवं एकल प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, बेडमिन्टन, कैरम्, चेस, टेबल टेनिस, पेटिंग/चित्रकला का आयोजन सभी स्पेशल विद्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के 8 वर्ष की आयु से 18 वर्ष की आयु या मानसिक मंदता में 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष रूप से सक्षमजन को सम्मिलित करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 06 सितम्बर से 25 सितम्बर के माध्य किया जावेगा।

गणेश विर्सजन शोभायात्रा में उमड़ा श्रृद्धा का सैलाब

- गणपति की सुरक्षा में रहे एक हजार पुलिस, पंजाब के खालसा ग्रुप की कलाबाजी ने मोहा सबका मन
- आसमान से पुष्प वर्षा बनी कोतूहल, शहर में रहा चर्चा का विषय

गंगापुर सिटी । गणपति बप्पा मोरिया, अबकी बरस तू जल्दी आ, देवा ओ देवा गणपति देवा, जय गणेश जैसे नारो से गणपति के भक्तो ने आसमान को गुंजयमान कर दिया। मौका था गणेश विसर्जन शोभायात्रा का।

श्री गणेश महोत्सव शोभायात्रा समिति पुरानी अनाज मण्डी एंव श्री त्रिनेत्र गणेश महोत्सव समिति नसिया कॉलोनी सहित विभिन्न गणपति विसर्जन समितियो के संयुक्त तत्वाधान में विशाल विसर्जन शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई जिसमें श्रद्धा का सैलाब उमड पडा। लोग भगवान गणेश की एक झलक पाने के लिए छतों पर घंटों तक इंतजार करते रहे। यात्रा में गणपति दर्शन के लिए छोटे बच्चों और महिलाओं सहित शहरी व ग्रामीण क्षैत्र की जनता में खासा उत्साह देखने को मिला। गणेश पूजन के लिए महिलाएं अपने हाथों में प्रसाद, नारियल, फूल और दीपक लेकर यात्रा के मार्ग में खडी दिखाई दी। मार्ग में आने वाले सभी मंदिरों पर भगवान गणपति की पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा पुरानी अनाज मंडी से शुरू होकर व्यापार मंडल, देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, बालाजी चौक, कैलाश टाकिज, ट्रक यूनियन, घास मंडी, पटवा बाजार, सब्जी मंडी, बद्रीनाथ मंदिर, पुरानी नगर पालिका, देवी स्टोर, महेश टाकिज, मालगोदाम रोड, सोनी चौराहा, बजरिया, कचहरी रोड, फव्वारा चौक, उदेई मोड, सालौदा, हिण्डौन गेट होते हुए कैलादेवी कालीसिल के लिए रवाना हुई। इस दौरान बालाजी चौक, बद्रीनाथजी मंदिर, उदेई मोड मनोरथ सिद्ध हनुमानजी मंदिर आदि जगहों पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। विसर्जन शोभायात्रा की शुरुआत सुबह करीब साढे 11 बजे पुरानी अनाज मंडी से हुई।

जहां पंडितों ने भगवान गणेश जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। इसके बाद गणपति की प्रतिमा को फूलों से सजे रथ में विराजित किया। गणेश विसर्जन शोभायात्रा के दौरान युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा में शामिल युवा गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना, गणपति के वास्ते खाली कर दो रास्ते, जय बजरंग बली, जय शिवा सरदार की, जय राणा प्रताप की, मोरया रे मोरया जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। एक दर्जन के करीब सजीव झांकिया लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में एक बैण्ड सहित आधा दर्जन डीजे लगा कर जब गणपति के भजनो की थीम शुरू हुई तो युवाओ का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया। शोभायात्रा के दर्शनो के लिए यात्रा मार्ग के दोनो तरफ आमजन का हुजूम उमड पडा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण अखाडावाजो का करतब एवं हैलिकॉपटर से पुष्प वर्षा रहा जिसमें उनके द्वारा दिखाए गए कर्त्तव्य को देख कर लोगो ने दांतो तले उंगली दबा ली।

पुलिस प्रशासन की चप्पे चप्पे पर रही निगरानी, यात्रा मार्ग के संबेदनशील रास्तो पर की गई बैरिकेटिंग

यात्रा मार्ग में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन ने चप्पे चप्पे की निगरानी के लिए जवानो को तैनात किया। वहीं ड्रोन से पूरे यात्रा मार्ग की निगरानी की गई। पुलिस उपाधीक्ष ने बताया कि एक हजार पुलिसकर्मी गणेश विसर्जन शोभायात्रा में तैनात किए गये। वहीं यात्रा मार्ग में करीब 150 घरो की छतो पर पुलिसकर्मियो को निगरानी के लिए खडा किया गया। चप्पे चप्पे पर पुलिस व प्रशासन की निगरानी रही, इसके लिए एरिया वाइज अधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि असामाजिक तत्वो व गडबडी करने वालो पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिस वाले तैनात किए गए। इसके साथ ही एरिया वाइज मजिस्ट्रटो की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही करीब सभी विभागो के 700 कर्मचारी यात्रा की व्यवस्था में तैनात रहे। वहीं प्रशासन ने गणेश विसर्जन शोभायात्रा के सफलता पूर्वक निकालने व किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं होने के लिए कमर कस ली थी। प्रशासन ने पूर्व नियोजित तरीके से यात्रा मार्ग के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील रास्तो पर बैरिकेटिंग की है जिससे असामाजिक तत्व यात्रा में विघ्न नहीं डाल सके।

श्याम मंदिर के रहेंगे पट बंद

गंगापुर सिटी। रविवार को चन्द्रग्रहण के कारण श्री श्याम मंदिर कुशालगढ के पट दोपहर सवा 12बजे भोग आरती के बाद सोमवार को सुबह 8 बजे खुलेंगे। श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र दुसाद ने बताया कि रविवार को चन्द्रग्रहण होने के कारण दोपहर में सूतक लग जायेगा। जो कि सोमवार को सुबह 8 बजे तक रहेगा। सोमवार को मंदिर की साफ सफाई के बाद सुबह 8 बजे श्रृंगार दर्शन के बाद बाबा श्याम सभी को दर्शन देगें। समिति अध्यक्ष ने सभी श्याम प्रेमियो से इस दौरान मंदिर में दर्शनो के लिए सोमवार को आने की अपील की है।

नई कार्यकारिणी का स्वागत

भरतपुर (निस)। हर्बालाइफ न्यूट्रिशन क्लब,जवाहर नगर में भरतपुर जिला पेंशनर्स हितकारी समिति की नवीन कार्यकारिणी का स्वागत किया गया, हेल्थ कोच क्षेत्रपाल लवानिया द्वारा उपस्थित सदस्यों से नवीन कार्यकारिणी का परिचय कराया, हेल्थ कोच दाऊ दयाल शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्तमान में बदलते परिवेश में वायु,जल,भोजन,विचारों के प्रदूषित होने पर हर्बा लाइफ का उपयोग करते हुए शुद्ध खान पान,जीवन शैली में सुधार कर हेल्थी लंबा, स्वास्थ्यप्रद जीवन जीने के अनुभव साझा किए, मुख्य हेल्थ कोच परमानंद राजपूत ने शुद्ध खानपान, अच्छी दिनचर्या, 20 प्रतिशत एक्सरसाइज 80 प्रतिशत खानपान में बदलाव से बिना दवाइयों से पुरानी से पुरानी बीमारियों का निदान कर,हर्बल चाय,18 न्यूट्रिशन से युक्त प्रोटीन शेक का उपयोग कर स्वास्थ जीवन जीने के तरीके बताए, पेंशनर्स समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा ने भारत की प्राचीन विद्या जड़ी बूटियों का प्रयोग, संतुलित जीवन शैली की पालना,जानकारी के लिए क्लब की सराहना की तथा अच्छे स्वस्थ समाज के निर्माण में हर्बलाइफ के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। समारोह में क्लब के वयोवृद्ध सदस्य द्वारा नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को मोती की माला पहनाकर, श्री राधे राधे का पटका ओढाकर सम्मान पूर्वक सप्रेम उपहार प्रदान किए गए , समारोह में डोरी लाल शर्मा अध्यक्ष, मोहनसिंह पाराशर मंत्री, चंद्रभान माहौर संयुक्त मंत्री, अमरसिंह नोहरवार कोषाध्यक्ष, हरिचरण लाल शर्मा, श्यामसुंदर कटारा, रामसिंह मीना,बलदेवसिंह कुंतल,सीताराम वर्मा, ममता सोनी आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

समारोह के सम्मान में वरिष्ठ हेल्थ कोच रामसिंह ने सभी पधारे महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए जीवन शैली में बदलाव सीखने के लिए क्लब में सभी को नियमित आने के लिए सादर आमंत्रित किया।

अग्रसेन जयंती पर होंगे 6 दिवसीय कार्यक्रम

भरतपुर (निस)। भरतपुर में अग्रवाल सेवा संस्थान रणजीत नगर इकाई की बैठक रंजीत नगर स्थित जी आर इन गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट में संस्था अध्यक्ष एस पी जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित की गई सर्वप्रथम इकाई संरक्षक विष्णु दत्त जैन, एल एन गुप्ता, शंकर लाल अग्रवाल, आर पी गर्ग द्वारा भगवान अग्रसेन महाराज की मूर्ति के समीप दीप प्रज्लन व आरती कर शुभारंभ किया गया।

संस्था महामंत्री मुकेश सिंघल ने बताया कि भगवान अग्रसेन जयंती के अवसर पर छह दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अग्रसेन जयंती की शुरुआत सत्तरह सितंबर को सुभाष नगर स्थित गौशाला पर पहुंच कर गौ माता को गुड एवं हरा चारा खिलाया जाएगा कार्यक्रम के संयोजक शंकर लाल अग्रवाल, सुनील बंसल, रामनिवास अग्रवाल, केशव अग्रवाल, सतीश बाबू रहेंगे।

रणजीत नगर स्थित शहनाई मैरिज होम पर मेघावी बच्चों का सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम संयोजक राधा मोहन अग्रवाल, नवल किशोर गुप्ता, आरएस गर्ग, दिनेश अग्रवाल, नितिन ऐरन रहेंगे। 1 अक्टूबर को ही रणजीत नगर स्थित शहनाई मैरिज में अग्रमहिला मंडल द्वारा भव्य डांडिया प्रोग्राम किया जाएगा उसके उपरांत सहभोज कार्यक्रम रहेगा। मीटिंग मैं आए सभी अग्र बंधुओं एवं मातृशक्ति का आभार महामंत्री मुकेश सिंघल ने किया। इस मौके पर केशव देव, आर एस गुप्ता, बृजमोहन अग्रवाल, लोकेश सिंघल, प्रवीण बंसल, नीरज गुप्ता, राकेश सिंघल, प्रभा गुप्ता, मीरा सिंघल, शालिनी मित्तल, सीमा मित्तल, माया गुप्ता, सुमन लता, ज्योति मंगल, रीटा अग्रवाल, भूमि गर्ग, अर्चना अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, कमलेश जिंदल एवं काफी संख्या में अग्रबंधु एवं मातृशक्ति मौजूद रहे।

शिविर हर बुधवार को

करौली । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीना ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह के प्रत्येक बुधवार को सिलिकोसिस शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह के दौरान जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सिलिकोसिस जांच एवं पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में सिलिकोसिस रोग से प्रभावित एवं संभावित रोगियों की जांच कर पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। यह शिविर प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जाएंगे।

सार-समाचार

अग्रवाल समाज के चुनाव आज

करौली । अग्रवाल समाज करौली के अध्यक्ष का चुनाव रविवार को अग्रवाल समाज सदन, अनाज मंडी करौली में लगभग 3500 मतदाताओं द्वारा मतदान प्रक्रिया से किया जाएगा। जिसके लिए श्यामलाल बजाज बीए व विशम्भर दयाल गुप्ता दुला के आमने सामने है। मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश चंद भगत ने बताया कि अठावाल समाज के अध्यक्ष व 20 कार्यकारिणी सदस्य तथा 6 प्रन्यास मडल के सदस्यों के चुनाव होना है। जिनकी तैयारियों को शनिवार को मतदान स्थल अठावाल समाज सदन में मतदान काउण्टर, मतदान कर्मियों की ड्यूटी के अलावा, रोशनी, बैठक व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी भगत ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी श्यामलाल बजाज बीए व विशम्भर दयाल गुप्ता तथा कार्यकारिणी के 20 सदस्यों के लिए 31 प्रत्याशी मैदान में। जिनमें से कम से कम 15 व अधिकतम 20 प्रत्याशियों का चयन करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार मंदिर श्री गोविन्ददेवजी प्रन्यास मंडल के 6 ट्रस्टियों के लिए 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनमे से कम से कम 5 व अधिकृतम 6 प्रत्याशियों का चयन करना होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतदान सुबह 9 बजे शुरू करा दिया जाएगा।शनिवार को तैयारियों को अतिम रूप देने के लिए चुनाव सचालन समिति के सहायक निर्वाचन अधिकारी विशम्भर दयाल बसल, अरविन्द अग्रवाल, हरिचरण गुप्ता, सेवा निवृत्त तहसीलदार अशोक कुमार गुप्ता, सेवा निवृत नर्सिंग अधीक्षक अखलेश गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, प्रवक्ता विमल बसल, शुभम गुप्ता, वरिष्ठ अध्यापक राधेश्याम गुप्ता।मुख्य चुनाव अधिकारी भगत ने करौली नगरपरिषद क्षेत्र के सभी अग्र बन्धुओं से अपील की है कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शिता से संपन्न कराने में चुनाव समिति का सहयोग करे।

प्रकाश चंद शर्मा आयोग्य घोषित

करौली । करौली ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद पर स्वयं को अध्यक्ष घोषित करने और सोशल मीडिया पर समाज विरोधी कृत्य करने के आरोप में ब्राह्मण समाज ने प्रकाश चंद शर्मा व उसके परिवार को चुनाव लाइन एवं समाज की अन्य पद से अयोग्य घोषित किया । ज्ञात रहे गत 31 अगस्त 2025 रविवार को ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश चंद शर्मा एडवोकेट द्वारा निरस्त कर दिया गया था उसके उपरांत भी प्रकाश चंद शर्मा अपने परिवारजन के सदस्यों के अलावा कुछ अन्य सदस्यों को लेकर ब्राह्मण सभा भवन पहुंचे जहां ब्राह्मण सभा भवन पर ताला लगा हुआ था और ब्राह्मण सभा भवन के मुख्य द्वार पर चुनाव निरस्त होने की सूचना चश्पा की हुई थी उसके उपरांत भी प्रकाश चंद शर्मा ने ब्राह्मण सभा भवन के सामने अपने आपको ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष घोषित कर लिया यही नहीं सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज विरोधि कृत्य किया गया ब्राह्मण समाज के इस कृत्य को लेकर ब्राह्मण सभा भवन में गत दिन शुक्रवार को कार्यकारी अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज की एक बड़ी आम सभा आयोजित हुई जिस बैठक में सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध जनों के द्वारा प्रकाश चंद शर्मा और उसके परिवार को को चुनाव लाइन और समाज के अन्य पद से अयोग्य घोषित करने का निर्णय लिया गया समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी ने बताया कि यह निर्णय ब्राह्मण समाज सभा भवन में ब्राह्मण समाज की बड़ी आम सभा में लिया गया है उन्होंने यह भी बताया कि इसके अलावा समाज का कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर समाज विरोधी टिप्पणी करेगा वह भी उपरोक्त दंड का भागीदार होगा। इसी मौके पर पुरानी निर्वाचन कमेटी भंग करने एवं नई चुनाव कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी कॉलोनियों का परिनिधित्व होगा एवं पुरानी चुनाव कमेटी का सदस्य नई चुनाव कमेटी नहीं होगा।इस अवसर पर मोहनलाल शर्मा रामजीलाल शर्मा राजेश पाराशर गोपाल लाल शर्मा दीपक हरदेनिया, संजय शर्मा , राहुल पाराशर, अनिल कुमार शर्मा ,अनूप उपाध्याय ,कैलाश हरदेनिया, रघुवीर हरदेनिया, तपन व्यास, मांन प्रकाश शुक्ला ,नीरू शुक्ला एडवोकेट राजेश हरदेनिया, संतोष, नितिन शर्मा, शिव कुमार शर्मा,मदन मोहन चरोरा, पुष्पेंद्र लवानिया, गोविंद व्यास नीरज व्यास ,राजेश भारद्वाज, विपिन बिहारी शर्मा अनिल शर्मा, सुरेश शुक्ला गोपाल मेहरा सहित सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण समाज के वयोवृद्ध और युवा उपस्थित थे।

रेजिडेंट डाक्टर से मारपीट

करौली । करौली के स्वतंत्रता सैनानी शिवराज सिंह सामान्य चिकित्सालय के महिला मेडिकल वार्ड में शनिवार प्रातः राउंड के दौरान रेजिडेंट डॉक्टर से मरीज और उसके परिजनों ने मारपीट की। घटना के बाद अस्पताल में हंगामा हो गया और रेजिडेंट डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने कार्य बहिष्कार कर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेष मीणा को ज्ञापन सौपा। इस दौरान रेजिडेंट डॉक्टरो और नर्सिंग कर्मियों ने घटना के विरोध में अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर नारेबाजी कि घटना का जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश की। अस्पताल के फीमेल मेडिकल वार्ड में डॉ. मेहुल शर्मा राउंड कर रहे थे। इसी दौरान भर्ती महिला मरीज और उसके पति से कहासुनी हो गई जो मारपीट में बदल गई

जनसुनवाई कार्यक्रम जारी

करौली । राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के पर्यवेक्षण में आज गुरूवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई एवं अटल जन सेवा शिविर कार्यक्रम पंचायत समिति मासलपुर के ठाम पंचायत मुख्यालय लैदोर कलां के भारत निर्माण केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर द्वितीय गुरूवार 11 सितम्बर को जिला कलक्टर के पर्यवेक्षण में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई एवं अटल जन सेवा शिविर पंचायत समिति मुख्यालय सपोटरा के भारत निर्माण केन्द्र पर आयोजित किया जाएगा।

छात्राओं ने किया पौधारोपण

- पर्यावरण में संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है

गंगापुर सिटी। अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की पहल पर छात्राओं ने पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने देखभाल की भी जिम्मेदारी ली।

यह कार्यऋम आयुक्तालय जयपुर के निर्देश पर हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया गया। एनएसएस की प्रथम इकाई की स्वयंसेविकाओं ने कार्यऋम अधिकारी जगन्नाथ रैगर के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इनमें चंपा, अंजीर, पाम ट्री, ऋिसमस, रुद्राक्ष, अशोक, गुलाब, मोगरा, बेलपत्र, डोकोमो, चांदनी और गुडहल शामिल थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजेंद्र सिंह ने कार्यऋम में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन और पर्यावरण में संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आ ान किया कि एक जागरूक नागरिक के रूप में भविष्य को बेहतर बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दें। प्राचार्य ने यह भी कहा कि पौधों का रोपण और उनका संरक्षण करना प्रत्येक विद्यार्थी की जिम्मेदारी है। कार्यऋम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास, सबको आवास

ई-ऑक्शन के माध्यम से

व्यावसायिक / आवासीय प्रीमियम संपत्तियों को खरीदने का सुनहरा अवसर

ई-ऑक्शन

दिनांक 22.09.2025 से 24.09.2025

बड़े व्यावसायिक भूखण्ड	आवासीय भूखण्ड		छोटे व्यावसायिक भूखण्ड
जयपुर में कुल 07 भूखण्ड	जयपुर में कुल 18 भूखण्ड	चुरु में	जयपुर में कुल 28 भूखण्ड
प्रताप नगर- 07	प्रताप नगर - 06	कुल 20	प्रताप नगर - 10
	वाटिका - 12	भूखण्ड	वाटिका - 18

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

ईएमडी राशि न्यूनतम बोली मूल्य की 2% होगी एवं बोली/ई-नीलामी आरम्भ होने से 5 दिन पूर्व जमा कराई जा सकेगी एवं 24 घंटे पूर्व तक स्वीकार की जा सकेगी।

वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तों के लिए QR कोड स्कैन करें

*भवन निर्माण पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार रहेंगे।

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009, कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 6376868696, 9460254319 मुख्य समन्वय अधिकारी श्री भारत भूषण जैन 9828363615 से सम्पर्क करें

आवासन आयुक्त

आवेदन केवल ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से

राजस्थान संवाद

लायन्स क्लब सार्थक की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब सार्थक की बीओडी बैठक में 24 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी कार्यऋमों की योजना बनाई गई। क्लब द्वारा डॉ. आर.के. मेहता के क्लिनिक पर हर महीने की पहली तारीख को डायबिटीज चेक-अप कैंप का आयोजन किया जाता है। सीपीआर ट्रेनिंग कैंप के लिए डमी खरीदने पर भी विचार किया गया। 26 सितंबर को गरबा महोत्सव का आयोजन होगा।

इसके लिए मयंक गुप्ता, आशीष गुप्ता, नरेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता और स्वाति शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है। 18 सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसके संयोजक अमन वर्मा और विनोद गौतम होंगे। दिव्यांग जन सहायता शिविर दीपावली के बाद 7-9 नवंबर या 14-16 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। क्लब द्वारा दिव्यांगजनों को निशुल्क फिजियोथेरेपी की सुविधा दी जाती है। सभी कार्यऋमों का सोशल मीडिया पर प्रचार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विनोद गौतम, जितेंद्र गुप्ता, ललित किशोर और अमन वर्मा का सम्मान किया गया।

सार्वजनिक सूचना
संबंधित सभी के लिए

सभी संबंधित पक्षों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि खनन पट्टा संख्या 42, खनिज सैंडस्टोन जो गांव पहाड़पुर, तहसील रुदावल, जिला भरतपुर के निकट स्थित है, के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि श्री याद राम कुशवाहा इस खनन पट्टे के स्थायी कर्मचारी हैं, जैसा कि दोनों पक्षों, श्री संजय जैन और श्री दिलीप सिंह, के बीच आपसी सहमति से तय किया गया है।

हमारे ध्यान में आया है कि कुछ दुर्भावनापूर्ण इरादे वाले व्यक्ति अफवाहें फैलाकर और अवैध गतिविधियों में लिप्त होकर अपने आपराधिक उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। हम यह चेतावनी देते हैं कि ऐसी कोई भी गतिविधि गैरकानूनी है और इसके लिए लागू कानूनों के अनुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सभी हितधारकों और आम जनता से अनुरोध है कि वे ऐसी किसी भी अवैध गतिविधियों में भाग लेने या समर्थन करने से बचें। किसी भी चिंता या स्पष्टीकरण के लिए, कृपया खनन पट्टे के अधिकृत प्रतिनिधियों से संपर्क करें।

जारीकर्ता:अधिकृत प्रतिनिधि
याद राम कुशवाहा खनन पट्टा संख्या 42, पहाड़पुर, रुदावल, भरतपुर दिनांक: 06 सितंबर, 2025

पशु मेले में दुकानों के ऑनलाइन आवंटन का विरोध

- व्यापार महासंघ ने विरोध जताया

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संज